नागरिकों के साथ बाइक चलाकर कलेक्टर एसपी ने मतदाताओं को किया जागरूक

4




## खबर संक्षेप

### करतला में सीएम की चुनावी सभा कल



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा के रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 29 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करतला दौरे पर रहेंगे। जहां श्री साय हाईस्कूल मैदान करतला में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में जिला भाजपा एवं मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### पायलट की सभा रजगामार में आज



**कोरबा।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 28 अप्रैल को जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री पायलट कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजगामार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित आमसभा को दोपहर 3.30 बजे संबोधित करेंगे। श्री पायलट के प्रवास व आमसभा के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

### डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित

**कोरबा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना 29 एवं 30 अप्रैल को, मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक हेतु 1 से 6 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 1 से 3 मई प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। इसी तरह शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना अंतर्गत मतदाता 29 एवं 30 अप्रैल को 9 से 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने संबंधित शासकीय अधिकारी कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान की अपील की है।

### 25 वार्डो में आज नहीं होगी जल आपूर्ति

**कोरब।** नगर निगम द्वारा क्लीयर वाटर पम्पिंग मेन लाईन में हुए लिकेज की मरम्मत किए जाने के परिणाम स्वरूप 29 अप्रैल को एक दिन के लिए दर्री सर्वमंगला व बांकीमोंगरा क्षेत्र के 25 वार्डो में जलापूर्ति नहीं की जा सकेगी। निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के नागरिक बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घरों में पानी का उचित भण्डारण कर लेवे ताकि असुविधा से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि अमृत मिशन अंतर्गत जल उपचार संयंत्र से पटेलनगर जमनीपाली एम.बी.आर. की ओर जाने वाली 700 एम.एम.व्यास की बिछाई गई क्लीयर वाटर पम्पिंग मेन लाईन में भवानी मंदिर मोड़ के पास लिकेज हो गया है, उक्त लिकेज का मरम्मत कराया जाना अनिवार्य है, जिसके मद्देनजर दर्री, सर्वमंगला एवं बांकीमोंगरा जोन के 25 वार्डो में 29 अप्रैल को जल की आपूर्ति बाधित रहेगी तथा उक्त क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं की जा सकेगी, चूंकि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु चल रही है, पानी की आवश्यकता ज्यादा रहती है अतः निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के नागरिकबंधुओं से अपील की गई है कि वे घरों में पर्याप्त रूप से पानी का भण्डारण कर ले।

# शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने दिए शिक्षक के फर्जी दस्तावेज की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षकों की अब फाईल खुलने लगी है। 3 शिक्षकों की पूर्व में हुई शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में दोषी पाए जाने पर तीन शिक्षकों को पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। एक और शिक्षक का मामला शिक्षा विभाग के पास पहुंचने के बाद उक्त शिक्षक को प्रथम दृष्टया दोषित पाते हुए निलंबित कर जांच शुरू कर दी गई है।

जनपद पंचायत में शिक्षाकर्मी भर्ती के दौरान अनेक अभ्यर्थियों ने ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जो अब फर्जी निकल रहे हैं। इन दस्तावेजों में अनुभव प्रमाण पत्र, अंकसूची एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज सूची शामिल है।

### दो अंकसूची की हुई थी शिकायत

**खास बातें**

- डीईओ ने किया है शिक्षक को निलंबित
- कोरबा विकासखंड का सामने आया है मामला




**अफसरों को है जानकारी**

भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के फर्जी होने की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अफसरों और कर्मचारियों को भी है। किंतु उनके द्वारा ऐसे किसी भी मामले पर संज्ञान लेकर जांच नहीं की जाती, इससे सवाल खड़ा होता है कि आखिर प्रकरण की जानकारी होने के बावजूद उस पर संज्ञान लेकर विकासखंड स्तर के अफसर फर्जी दस्तावेज प्रकरण की जांच क्यों नही शुरू करते।

एक के बाद एक मामले का खुलासा होने पर शिक्षकों की जांच शुरू की गई। जिनमें 3 शिक्षकों को पूर्व में ही बर्खास्त किया जा चुका है। हाल ही में एक नया मामला सामने आया, जिसमें शिक्षक के द्वारा भर्ती के समय कोई और अंकसूची तथा सेवा पुस्तिका में दूसरी अंकसूची संलग्न की गई है। उक्त मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को किए जाने पर जांच कराई गई तो शिक्षक द्वारा प्रस्तुत दोनों अंकसूची में अंतर पाया गया था। प्रथम दृष्टया में शिक्षक को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही उक्त शिक्षक के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल एवं साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। आने वाले दिनों में उक्त प्रकरण की जांच शुरू कर दी जाएगी।

### होम वोटिंग के लिए गठित मतदान दल हुआ रवाना

# कोरबा लोकसभा में 472 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को कराई जाएगी होम वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग के निर्देशन में आज लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले में दिव्यांग मतदाताओं और 85 साल से ऊपर के मतदाता एवं दिव्यांग

**खास बात**

- शनिवार को कोरबा व रामपुर विधानसभा में कराया गया मतदान

मतदाता के होम वोटिंग हेतु गठित मतदान अधिकारियों का दल रवाना किया गया। लोकसभा के 8 विधानसभा अंतर्गत 472 ऐसे बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता सामने आए हैं जिन्होंने होम वोटिंग के लिए आवेदन दिए हैं।

होम वोटिंग की व्यवस्था बीते विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में शुरू हुई है। आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव के दौरान 80 साल से अधिक उम्र वालों को होम वोटिंग की सुविधा दी गई थी, किंतु लोकसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग की उम्र 80 से बढ़ाकर 85 वर्ष से अधिक कर दी गई है। कोरबा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा अंतर्गत कुल 472 मतदाता ऐसे हैं जिन्हें होम वोटिंग कराई जा रही है। इनमें 250 मतदाता 85 साल से अधिक उम्र के हैं तथा 222 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। अपर कलेक्टर श्री नाग ने बताया कि होम वोटिंग हेतु प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत जिले में कुल 127 मतदाताओं के आवेदन प्राप्त हुए है। जिनके मतदान कराने के लिए कुल 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि जिले में होम वोटिंग की प्रकिया 27 व 28 अप्रैल को की जाएगी। जिसके अंतर्गत 27 अप्रैल को विधानसभा कोरबा एवं रामपुर में मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग कराई जाएगी एवं 28 अप्रैल को विधानसभा कटघोरा एवं पाली तानाखार में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को होम वोटिंग कराई जाएगी। एसडीएम श्री वर्मा ने उपस्थित सभी मतदान अधिकारियों को विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता समझाकर होम वोटिंग प्रक्रिया की पूरी जानकारी देते हुए कुशलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा।



घर में मतदान करते दिव्यांग मतदाता।

**क्या कहते हैं बुजुर्ग मतदाता**

बरमपुर के लकवाग्रस्त 65 वर्षीय रामनारायण पटेल ने आयोग की इस नई व्यवस्था को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। रामपुर विधानसभा के ग्राम बिंझकोट के 88 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता मंगलराम का भी होम वोटिंग के जरिए मताधिकार का सपना साकार हुआ। मतदाता के बेटे ने कहा कि भारत निर्वाचन अयोग की इस अच्छी पहल के कारण उम्रदराज और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होने से बच रहे हैं।

**सभी विधानसभा में आज से शुरू हुई होम वोटिंग**

कोरबा लोकसभा अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा कोरबा, रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत, बैकुंठपुर और मरवाही विधानसभा में होम वोटिंग 27 अप्रैल से शुरू की गई है, जो 28 अप्रैल तक चलेगी। सभी विधानसभा में होम वोटिंग कराने के लिए निर्वाचन दल को जिला मुख्यालय से रवानगी दी गई है। लोकसभा के आठ विधानसभा अंतर्गत होम वोटिंग के लिए 400 से अधिक आवेदन निर्वाचन कार्यालय को मिले हैं।

**मतदान अवश्य करना चाहिए- बुधिया राम**

रामपुर विधानसभा अन्तर्गत ग्राम चचिया के 86 वर्षीय बुधिया राम पटेल ने आज घर पर मतदान दलों की उपस्थिति में मतदान किया। मतदान के पश्चात खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को घर पर मतदान की सुविधा देने बहुत ही अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हमें मतदान अवश्य करना चाहिये। इसी प्रकार जिले के कोरबा विधानसभा के अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता ग्राम दुल्लापुर की दिव्यांग मतदाता सावित्री बाई केंवट, ग्राम अगारखार निवासी श्यामलाल भारिया, खम्हरिया की सावित्री बाई यादव, स्याहीमुड़ी की भानुमति सहित अनेक शारीरिक रूप से अस्वस्थ मतदाताओं ने आसानी से अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# कैप्टिव कोल ब्लॉक से कोल इंडिया की मांगों में गिरावट की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया को आने वाले समय में मांग की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार एसेसमेंट रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दो साल में कोयले की मांग में 58 प्रतिशत की गिरावट हो सकती है। कैप्टिव कोल ब्लॉक के खरीदारों द्वारा प्रोडक्शन शुरू करने से ऐसा हो सकता है। कोल मिनिस्ट्री की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोल इंडिया के टॉप 50 पावर और नॉन-पावर बायर्स अगले दो साल में माइनिंग कंपनियों से कोयले की खरीदारी 20-58 प्रतिशत कम कर सकते हैं। हालांकि, कोयले की कुल मांग और खपत पहले जैसी बनी रहने की संभावना है या इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले वित्त वर्ष के आंकड़ों के मुताबिक कोल इंडिया ने अपने टॉप 100 बायर्स को 691.26 एमटी कोयले की सप्लाई की थी। भारत में बिजली की खपत में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और गर्मी बढ़ने के साथ ही इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है। पीक सीजन के दौरान भारत में बिजली की मांग रिकॉर्ड 250 गीगावॉट रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने इस सीजन में सामान्य से ज्यादा गर्मी रहने की संभावना जताई है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने इस साल कोयले के उत्पादन में बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल पहली बार कोयले का उत्पादन पहली बार 1 अरब टन पहुंचने का अनुमान है।

# हाथियों का झुंड लौटा धरमजयगढ़, 7 हाथी गीतकुवांरी में कर रहे विचरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के कुदमुरा जंगल में चार दिनों से विचरण कर रहे है और धान फसल को रौदकर ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेरने वाला 32 हाथियों का झुण्ड बीती रात मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र अंतर्गत सिथरा जंगल पहुंच गए। हाथियों ने जाने से पहले कुदमुरा वन परिक्षेत्र के तौलीपाली व कुदमुरा में जमकर उत्पात मचाया इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के खेतो में पहुंच कर वहां लहलहा रहे धान की रबी फसल को रौंद दिया। जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद हाथियों के झुड़ ने रात 10 बजे के बाद मुवमेट किया और कुदमुरा में स्थित नदी को पार कर सिथरा जंगल पहुंच गया। हाथियों के बड़े झुंड के अन्यंत्र जाने से वन अमले में कुछ राहत महसूस की है। लेकिन रेंज के ही गीतकुवांरी में 7 हाथी अभी भी डटे हुए है। हाथियों के क्षेत्र में लगातार जमे रहने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथी समस्या स्थाई समस्या बन गई है। यहां के जंगल में 49 हाथी कापानवापारा व आसपास के क्षेत्र में विचरण कर रहे है। हाथियों का झुण्ड कभी नेशनल हाईवे पर आ जाता है तो कभी गांव में पहुंचकर उत्पात मचाता है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ रही है और वे दहशत में है।

# धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस चौकी मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासी मधु सिदार ने अक्टूबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि आरोपी अरशद लारी एवं उसके अन्य साथी के द्वारा मिलकर पुलिस केस से उसके भाई को बचाने व पैसा न देने पर बड़े केस में जेल भिजवा देने का डर दिखाकर 2 लाख की ठगी कर लिये। जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 388, 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। जिसमें आरोपी अरशद लारी फरार चल रहा था जिसे 27 अप्रैल को मुखबिर से सूचना के आधार पर गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# पानी के लिए लोगों को करनी पड़ रही पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के मौसम में नगर निगम के कई वार्डो के लोग बुंद बुंद पानी को लेकर परेशान हैं। लोगों के घरों में नगर निगम द्वारा पानी सप्लाई न के बराबर की जा रही है। दैहानपारा, भदरापारा, डुग्गुपारा के लोग 3 किलोमीटर पैदल कड़ी धुप में ढेंगुरनाला से निस्तारी एवं पीने का पानीं लाने को मजबूर हैं। नागरिकों ने बताया कि यह समस्या काफी समय से यहां पर बनी हुई है। इसके लिए उन्होंने कई बार नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया और आवश्यक प्रयास करने के लिए भी कहा लेकिन इसके कोई नतीजा नहीं आ सके। आखिरकार अब गर्मी सिर पर आने के साथ हर तरफ परेशानी पैदा कर रही है। खासकर बालकोनगर के इन क्षेत्रों में नागरिकों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। अधिकांश क्षेत्रों में जल स्तर नीचे चले जाने से समस्याएं पैदा हुई है और लोगों को काफी दूर से पानी लेना पड़ रहा है स्वाभाविक रूप से ऐसी स्थिति में लोगों को पदयात्रा करनी पड़ रही है। गर्मी के मौसम में इस प्रकार के अनुभव लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण है। लोग बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों से उन्होंने बातचीत करने के साथ कुछ वैकल्पिक उपाय जरूर करने में सफलता प्राप्त की है लेकिन इसका शत प्रतिशत निराकरण नहीं हो सका है।



पानी लेने जाते ग्रामीण।

### कोयला खदान से प्रभावित ग्रामों का मामला

# पानी का टैंकर आते ही लोगों की लग जाती है भीड़


हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भीषण गर्मी से निजात पाने लोग घरों पर ही रहना पसंद करते हैं, कहीं लूं न लग जाए। लेकिन जब घर पर पीने, नित्य क्रियाकलापों के लिऐ पानी घर पर न हो, घर का कुआं, बोर इत्यादि सूख गए हैं। लोगों को पीने और नित्य क्रियाकलापों के लिए भीषण गर्मी में दोहर के 12 से 1 बजे टैंकर पानी लेकर पहुंचता है। यह घटना पुराने दीपका रोड़ मलगांव की है। इस गंभीर समस्या का जिम्मेदार दीपका कोयला खदान गांव से लगा है। जिसकी गहराई 300 से 700 फीट है। जहां पूरे क्षेत्र का पानी खदान ने खींच लिया है। वहीं खदानों में रोजाना हैवी ब्लास्टिंग होती है। हरदीबाजार क्षेत्र में कुआं, बोर सूख चुके हैं तो वही दूसरी ओर बहुत से जमींदोज हो गये हैं। गांव में टैंकर से पानी की आपूर्ति नहीं है, लेकिन मजबूरी में ग्रामीण रोजाना दोपहर को टैंकर के इंतजार में बैठे रहते हैं। टैंकर आते ही सब पानी लेने के लिए टैंकर के पास पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दीपका प्रबंधन की लापरवाही की वजह से हम सभी को पानी की समस्या, ब्लास्टिंग की समस्या और धूल की समस्या से रोज जुझना पड रहा हैं, यदि घरों का मुआवजा राशि कम नहीं होती, संतोष जनक रहती, बसावट, नौकरी जैसे बुनियादी समस्या का निराकरण कर देते हैं तो इस समस्या से जुझने को मजबूर न होते ग्रामीणों ने दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन से घरों के कटे मुआवजा राशि बढ़ाने, नौकरी बसाहट जैसी हक को दिलाने पहल करने की बात कही।




टैंकर से पानी लेने के लिए लगी ग्रामीणों की होड़।




# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन

## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल

बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुईं जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।



हॉलीवुड मसाला



# सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश

**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।




# 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।



# अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर

**मुंबई।** सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है।




# रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'

**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

टीवी मसाला



# अनुज के शो छोड़ने पर निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में गौरव खन्ना मुख्य रोल निभाते हैं। उनके शो छोड़ने की खबरों से फैंस परेशान हो गए थे. अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन खबरों पर रिएक्ट करते हुए बड़ी बात कही है। सोशल मीडिया पर बताया गया था कि गौरव सीरियल को अलविदा कह सकते हैं। फैंस ये जानकर परेशान हो गए थे और सच्चाई जानना चाहते थे। हाल ही में अनुज यानी गौरव ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शो को नहीं छोड़ रहे हैं। अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन वायरल खबरों पर रिएक्ट किया है।

अनुपमा अपनी कहानी की वजह से टीआरपी में सबसे आगे रहता है। गौरव खन्ना के शो छोड़ने की खबरें जैसे इंटरनेट पर आई, दर्शकों को इसने हैरान कर दिया। जब शो के निर्माता राजन शाही से गौरव के अनुपमा से बाहर होने की अफवाहों पर पूछताछ की गई, तो उन्होंने इस पर कहा, 'बिल्कुल नहीं'। उन्होंने कहा कि सीरियल में अनुज का किरदार काफी महत्व रखता है। उनके इस बात से तो कंफर्म है कि अनुज शो से बाहर नहीं हो रहे हैं। ये जानकर फैंस को बहुत खुशी होगी।

### अनुपमा का लेटेस्ट एपिसोड

अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनु, अनुज के कहने पर उसके घर में शिफ्ट हो जाएगी। अनुज उससे कहेगा कि वो आध्या को नहीं संभाल पा रहा और ऐसे में वो अनुपमा से मदद मांगता है। अनु अपनी बेटी की खातिर अनुज की बात मान लेगी। हालांकि आध्या को ये बात पसंद नहीं आएगी। आध्या जानबूझकर अनुपमा की जिंदगी में नई दिक्कतें पैदा करने लगेगी, ताकि वो सुपरस्टार शेफ छोड़ दें और वापस भारत चली जाए। वो कंपीटीशन के लिए अनुपमा को लेट करवा देगी और अनुज उसकी मदद करेगा। शो में दिखाया जाएगा कि अनुपमा कंपीटीशन के दौरान गिर जाएगी और उसकी मदद के लिए अनुज शेफ बनेगा। वो उसकी ओर से खाना बनाएगा। आध्या और श्रुति ये सब टीवी पर देखकर शॉक्ड हो जाएगी।

# दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है।




### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?'

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की। लेकिन फिर भी दर्शकों ने रुचि नहीं दिखाई।

# ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है।



### 'बैड बॉयज 4' की कुछ ऐसी दिख रही कहानी

*फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है। दरअसल इसके पीछे पूरा गैंग है और इसके खिलाफ 'बैड बॉयज' यानी विल और मार्टिन लॉरेंस मैदान में उतरते हैं जिन्हें न केवल अपने देश को बचाना है बल्कि दुश्मनों को तबाह भी करना है। ये फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। दो साल बाद स्क्रीन पर कमबैक कर रहे विल स्मिथ इस ट्रेलर में धुआंधार एक्शन की बौछार करते दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के दीवाने फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।*

## ड्रीम गर्ल ने निभाया लीड रोल

# हेमा की हिट फिल्म पर बी. आर. चोपड़ा ने बनाया था टीवी शो


हिंदी सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने फिल्मी पर्दे पर तो अपने अभिनय का जलवा बिखेरा ही, लेकिन इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में भी एक समय पर तहलका मचाया है। इंडिया की ड्रीम गर्ल ने अपनी ही फिल्म सीता और गीता से इंस्पायर टीवी शो में साल 2004 में काम किया था जिसे महाभारत के मेकर बी. आर. चोपड़ा ने ही बनाया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हेमा मालिनी आज के समय में भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन अब भी वह फैंस की 'ड्रीम गर्ल' ही हैं। राज कपूर की फिल्म 'सपनों का सौदागर', जॉनी मेरा नाम, लाल पत्थर और अंदाज और शोले जैसी कई यादगार फिल्में हिंदी सिनेमा को देने वाली हेमा मालिनी के करियर के में टर्निंग प्वाइंट तब आया, जब उन्होंने साल 1972 में फिल्म 'सीता और गीता' में दोहरी भूमिका निभाई।

फिल्म के निर्देशन की कमान रमेश सिप्पी ने संभाली, तो वही पटकथा सलीम और जावेद ने दी। हेमा मालिनी की सीता और गीता दो ऐसी बहनों की कहानी है, जो बचपन में ही बिछड़ जाती हैं। दोनों का स्वभाव एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत होता है। जहां दुष्ट चाची सीधी सादी सीता का जीना दुश्वार करके रखती हैं, तो वहीं गीता से पंगा लिया, तो वह अपनी खैर मनाता है। सीता और गीता की कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है, जब दोनों ही अपनी जगह बदल लेती हैं और गीता-सीता के घर पहुंच जाती है। साल 1972 की ये फिल्म आज भी लोगों को याद है। हेमा मालिनी की ये फिल्म लोगों इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि साल 1989 में इसी से ही मिलती-जुलती कहानी वाली फिल्म 'चालबाज' भी रिलीज हुई थी।

उस समय पर हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' की लोकप्रियता से 'महाभारत' के निर्देशक बी.आर. चोपड़ा इतने ज्यादा इम्प्रेस हो गए थे कि उन्होंने इस पर एक पूरा टीवी शो बना दिया था, जिसमें किसी और ने नहीं, बल्कि 'ड्रीम गर्ल' ने ही मुख्य भूमिका निभाई थी। हेमा मालिनी शो में कामिनी और दामिनी बनी थीं। कामिनी जहां तेज तर्राट सी थी, तो वहीं दामिनी 'सीता' की तरह ही एकदम शांत थी।



*बी.आर. चोपड़ा ने टीवी पर बनाई थी सीता-गीता : महाभारत जैसे यादगार शोज देने वाले बी आर चोपड़ा ने साल 2004 में एक सीरियल बनाया, जिसका टाइटल था 'कामिनी-दामिनी'। ये शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस डेली सोप ने सहारा वन पर श्रीदेवी के शो 'मालिनी अय्यर' को रिप्लेस किया था। खास बात ये थी कि इस शो में भी बी. आर. चोपड़ा ने 'सीता और गीता' एक्ट्रेस हेमा मालिनी को ही मुख्य भूमिका निभाई थी। ये पूरा शो सीता और गीता मूवी पर ही बेस्ड था।*

# सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



*मुंबई। सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### बिना दस्तावेज वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**अंबिकापुर।** वाहन चलाते समय अगर अपनी गाड़ी के सम्पूर्ण वैध दस्तावेज आपके पास नहीं है तो जुरमाना भरना पड़ सकता है। सरगुजा पुलिस बिना दस्तावेज के वाहन चलाने वालों पर 24 मामले दर्ज कर उनसे 7 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। सरगुजा पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में शुक्रवार की देर शाम 88 प्रकरण दर्ज कर 44 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 29 प्रकरण दर्ज कर 8 हजार 700 रुपए, मौके पर पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कुल 24 मामले में 7 हजार 200 रुपए, रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 4 प्रकरण दर्ज कर 1 हजार 200 रुपए, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 5 प्रकरण दर्ज कर 25 सौ रुपए, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 3 प्रकरणों मे 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है।

### चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों के लिए सुविधा केंद्र

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सरगुजा अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें 6-प्रतापपुर के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 4 को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार 7-रामानुजगंज एवं 8-सामरी के लिए कक्ष क्रमांक 02 को सुविधा केंद्र बनाया गया है जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारी 4 से 6 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। आदेश में मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर, रामानुजगंज एवं सामरी के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बलरामपुर को सुविधा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 1 एवं 2 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा।


### चाइल्ड पोर्नोग्राफी व अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले 8 गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी व महिलाओं के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने वालों की अब खैर नहीं है। सरगुजा में सरगुजा पुलिस व साइबर की टीम सोशल मीडिया पर अपनी पैनी नजर रख रही है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है जो अश्लील वीडियो, फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे है। पुलिस ने जिले में विशेष अभियान चलाकर एक नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर आठ अपराध दर्ज किए है। इसके साथ ही आरोपियों से मोबाइल फोन जब्त किए गए है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर ऑपरेशन विश्वास चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अब सरगुजा पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामलों में सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बच्चों की अश्लील फोटो, वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आठ प्रकरण दर्ज कर 1 नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महामाया रोड निवासी 29 वर्षीय शशांक गुप्ता, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ जशवंत पुर हाल मुकाम चौपड़ापारा निवासी 25 वर्षीय मनोज सिंह, सूरजपुर जयनगर आमगांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीयप सिंह, मणीपुर थाना अंतर्गत कबीर वार्ड निवासी 19 वर्षीय आयुष मिश्रा, सीतापुर थाना अंतर्गत रायकेरा बगीचापारा निवासी 25 वर्षीय विवेक प्रकाश लकड़ा, उदयपुर थाना अंतर्गत केदमा लालपुर निवासी 25 वर्षीय संजय लकड़ा, लुंड्रा थाना अंतर्गत खराकोना बीजापारा निवासी 25 वर्षीय इशरार अहमद व एक नाबालिग को धारा 67 (ए)67(बी), आईटीएक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) व अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी मोरध्वज देशमुख, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, छत्रपाल सिंह, सुधीर सिंह, महिला आरक्षक स्मिता रागिनी मिंज, कौशल्या राजवाड़े, आरक्षक अनुज जायसवाल, लालदेव साय, बीरेंद्र पैकरा, मनीष सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, अरविन्द उपाध्याय, शिव राजवाड़े, निरंजन बड़ा,उपेंद्र सिंह,पंकज देवांगन शामिल रहे।

## निधन

### विजय सिंह

**कोरबा।** वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह ठाकुर 67 वर्ष का शनिवार की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। 28 अप्रैल की सुबह 8 बजे शहर के बुधवारी स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे जांजगीर-चांपा के जिला सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अनिल सिंह, सुशील सिंह एवं सिटी कोतवाली के सिपाही सुनील सिंह के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।



प्रेस क्लब का आयोजन

# स्व. रमेश पासवान की स्मृति में लगा शिविर, 30 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत 27 अप्रैल को ट्रांसपोर्टनगर स्थित तिलक भवन में वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी शामिल हुए।

प्रेस क्लब परिवार की ओर से सचिव श्री दिनेश राज, कोषाध्यक्ष रंजन प्रसाद व स्व. रमेश पासवान के भाई रामप्रसाद पासवन ने गुलाब का फुल भेंट करके उनका स्वागत किया। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने दीप प्रज्वलन के साथ ही स्व.रमेश पासवान जी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय कोरबा के ब्लड सेंटर के सहयोग से लगे उक्त शिविर में कोरबा प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ ही स्व. रमेश पासवान जी के परिजन व आमजन बड़ी संख्या में पहुंचे। जिसमें 30 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने महादान किया। शिविर के समापन के मौके पर क्लब परिवार ने सभी रक्तदाताओं का रक्तदान शिविर को सफल बनाने पर आभार जताया। साथ ही प्रत्येक रक्तदाता को प्रेस क्लब व ब्लड सेंटर का आभार पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शिविर के समापन अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा, डॉ. राजेश लहरे, आईसीटीसी काउंसलर वीणा मिस्त्री, लैब टेक्निशियन संतोष सिंह, लैब टेक्निशियन उमा कर्ष, ब्लड बैंक काउंसलर गायत्री सिंह, स्वच्छक सुरज सिदार को आभार पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में ब्लड बैंक की टीम के साथ अहम सहयोग छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के रोहित कश्यप व अविनाश दुबे ने निभाया। उक्त पुनित कार्य के लिए उन्हें भी प्रेस क्लब की ओर से आभार पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया गया। शिविर के दौरान कोरबा प्रेस क्लब प्रबंध कार्यकारिणी समेत पूर्व सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार विजय खेत्रपाल, श्रवण साहू, अनुप पासवान, विक्की निर्मलकर, अजय अग्रवाल, अजय डहरिया समेत प्रेस क्लब के अन्य सदस्य व शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नीलम पडवार, रामप्रसाद पासवान, गुलशन बैरागी, नरेंद्र कुमार रात्रे, दिनेश राज, संतोष अग्रवाल, अब्दुल असलम, श्रीमती शशी अग्रवाल, तनुज अग्रवाल, शुभम पासवान, सौरभ पासवान, राजेश कुमार प्रजापति, शैलेष भावनानी, राजेश प्रजापति, राजा मुखर्जी, अविनाश प्रसाद, विकास पांडेय सहित अन्य शामिल रहे।





रक्तदान करते युवक।

# हिन्दी माध्यम विद्यालय चैतमा में इंटर्नशिप के बाद दिया प्रमाण पत्र



प्रमाण पत्र वितरण समारोह में उपस्थित अतिथि एवं छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा में नवीन व्यवसायिक शिक्षा सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएँ पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को 80 घंटे का इंटर्नशिप कार्यशाला महिमा फोटो कोपियर्स एवं फोटो स्टूडियो चैतमा, प्रकाश फोटो स्टूडियो एवं ऑनलाइन सेंटर चैतमा, अमर स्टेंशनरी एवं ऑनलाइन सेंटर चैतमा, लोक सेवा केंद्र चैतमा, श्री साईं मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर चैतमा, प्रकाश मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर चैतमा, टोनी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मोबाइल सेंटर चैतमा, लोक सेवा केंद्र गोपालपुर, संदीप ऑनलाइन सेंटर मानिकपुर, सहदेव ऑनलाइन सेंटर रजकम्मा, पीसीटीआई आईसेक्ट पाली आदि विभिन्न संस्थानों में विद्यार्थी जाकर अपना इंटर्नशिप प्रशिक्षण उक्त संस्थान संचालकों के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पुर्व प्राचार्य एचआर निराला, प्रभारी प्राचार्या श्रीमती सी सोम एवं प्रशिक्षक मुरारी लाल धीवर के देखरेख में संचालित हुआ। प्राचार्य श्रीमती सी सोम ने कार्यशाला में प्रमाण पत्र वितरण के दौरान विद्यार्थियों और पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवसायिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल और ज्ञान पर केंद्रित है, जिसे पेशेवर कैरियर में लागू किया जा सकता है इससे बच्चों में स्वरोजगार, व्यवसाय करने का मनोबल बढ़ेगा और समाज में नौकरी के प्रति निर्भरता में कमी आयेगी। साथ ही व्यवसायिक प्रशिक्षक मुरारी धीवर ने भी जानकारी दी।

# शराब दुकान में लूट करने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दिन पहले पाली स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान में सेल्समेन से 2 लाख 93 हजार की लूट के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नकाबपोशों के द्वारा हथियार दिखाकर रूपए लूटने की बात पीड़ित पक्ष की ओर से कही गई है। कई बिंदुओं के आधार पर प्रकरण की जांच पुलिस की ओर से की जा रही है।

बुधवार की रात्रि को दुकान बंद होने से कुछ मिनट पहले नकाबपोश शराब दुकान में पहुंचे थे। दुकान के कर्मियों ने सामान्य तौर पर यही समझा कि वे लोग ग्राहक होंगे लेकिन उनका यह समझना भूल साबित हुई। कथित ग्राहकों ने हथियार दिखाकर नगदी रकम लूट ली और फरार हो गए। आबकारी विभाग की ओर से सुरक्षा के लिए यहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों की हरकत कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज को गंभीरता से जांचा-परखा जा रहा है। इसके अलावा अलग-अलग रास्तों पर लगे कैमरे की पड़ताल भी की जा रही है कि वहां से आने-जाने के दौरान उनके बारे में बेहतर अपडेट प्राप्त हो सके। मालूम हुआ है कि शराब दुकान में लूट की घटना को जिस अंदाज में किया गया है उससे मिलती-जुलती घटनाएं कोरबा और आसपास में पहले हो चुकी है। पुलिस की मानें तो साइबर सेल के साथ-साथ दूसरे एक्सपर्ट की सहायता इस मामले की जड़ तक पहुंचने के लिए ली जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का बराबर मार्गदर्शन भी लिया जा रहा है ताकि इस चुनौती से निपटा जा सके। पुलिस ने बताया कि कई बिंदुओं के आधार पर टीमें काम कर रही है और कोई भी अपडेट होने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट कर रही है। पुलिस को भरोसा है कि अलग-अलग स्तर पर जारी जांच के नतीजे सकारात्मक हो सकते हैं। इससे पहले इसी अंदाज में भाठापारा गोपालपुर की शराब दुकान में डेढ़ लाख की लूट को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने कई हजार सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी।

# रात भर चलती रही बिजली की आंख मिचौली, गर्मी से लोग रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शुक्रवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली। गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। इससे थोड़ी देर के लिए लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम के बदले मिजाज का असर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ा। रात भर बिजली की आवाजाही का सिलसिला चलता रहा। कई इलाकों में तो पूरी रात ही बिजली गुल रही। बिजली गुल रहने से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को अंधेरा होते ही हवाओं की रतार तेज हो गई और रात लगभग 8 बजे शहर में तेज बारिश हुई। थोड़ी देर के लिए शहर की सडक़ें बारिश के कारण गीली हो गई। शाम को बाजार में खरीदी के लिए निकले लोग थोड़ी देर के लिए दुकानों में ही ठहरे रहे। बारिश बंद हुआ तो लोग आगे के लिए निकले।मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। इसका असर देखा जा रहा है। अब बेमौसम बारिश के कारण उमस भरी गर्मी बढऩे की संभावना है। वहीं बारिश ने लोगों के लिए भी समस्या खड़ी कर दी है। खासकर स्वास्थ्य पर पडऩे वाले प्रभाव को लेकर। मौसम में जैसे-जैसे उतार-चढ़ाव हो रहा है इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सर्दी जुकाम के साथ-साथ वायरल बुखार भी लोगों को परेशान कर रहा है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। बच्चों का शरीर मौसम में हो रहे बदलाव को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इस कारण उनका सेहत बिगड़ रहा है। माता-पिता बुखार से परेशान बच्चे को लेकर अस्पताल का चक्कर काट रहे हैं। गर्मी बढ़ते ही बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होने लगी है। शहर के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में बच्चों के डॉक्टरों के पास भीड़ लग रही है। इन सब समस्याओं के बीच बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी लचर बनी हुई है।

# सुरक्षा को हासिये पर रखकर जारी किया था 10 करोड़ का टेंडर : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर पोखरी को पिकनिक स्पॉट बनाने के लिए साढ़े 9 करोड़ के टेंडर के निरस्त होने का भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के आते ही भ्रष्टाचार पर बड़ी अंकुश लगी है। पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि बगैर सर्वे रिपोर्ट के कांग्रेस राज वाले निगम ने आखिर टेंडर कैसे कर दिया।



**खास बात**

- मानिकपुर पोखरी का मामला

गौरतलब है कि ताजा सर्वे रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि जिस जगह पर 10 करोड़ खर्च करने की तैयारी थी वहां मिट्टी धसक सकती है। इससे भविष्य में जानमाल की हानि भी हो सकती थी साथ ही 10 करोड़ रूपए फिजूल में खर्च भी हो जाती। पार्षद श्री देवांगन ने इसके लिए कांग्रेस के पूर्व मंत्री और महापौर राजकिशोर प्रसाद को जिम्मेदार माना है। पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि अशोक वाटिका में 10 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है, जब इसका निर्माण शुरु किया गया था तब दावा किया गया था कि टॉय ट्रेन शुरु होगी, फूड जोन भी शुरु होगा। आज तक किसी तरह की नई सुविधा नहीं मिल सकी है।

# शेड पड़े हैं खाली और चिलचिलाती धूप में सड़क किनारे लग रहीं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी क्षेत्र के बुधवारी, मुड़ापार और इतवारी बाजार में कुहार, केवट सहित अन्य व्यापारी जो मिट्टी के बर्तन, खिलौने, बास की बनी टुकनी, छिटिया, सूपा, सामाग्री,

**खास बात**

- बुधवारी, मुड़ापार और इतवारी बाजार में सामग्री बेचने वाले हो रहे परेशान

झाड़ू.सहित सामाग्री बेचने के लिए सडक़ किनारे दुकान लगाते हैं। इन्हें उचित स्थान देने और दुकान लगाने के लिए नगर निगम ने शहर के बुधवारी बाजार के पार्किंग एरिया और मुड़ापार के दुर्गोत्सव मैदान में चबूतरा और शेड बनाया है।

नगर निगम ने पौनी पसारी योजना अंतर्गत बिना प्लानिंग के बुधवारी और मुड़ापार बाजार में चबूतरा, शेड सहित अन्य आवश्यक संसाधन की व्यवस्था में लाखों रूपए खर्च कर दिया है, लेकिन यहां लोगों की आवाजाही कम होती है। इस कारण व्यापारी तेज धूप में छतरी के नीचे बैठकर दुकान लगा रहे हैं। आकर्षक रंगरोगन सहित अन्य निर्माण कार्य में लाखों रुपए खर्च कर दिया। लेकिन दुकानें अभी भी चबूतरा में नहीं, बल्कि सडक़ के किनारे तेज धूप के नीचे लग रही है। निगम ने जहां पर शेड बनाए गए हैं, वहां लोगों की आवाजाही कम होती है। इस कारण व्यापारी शेड पर दुकान लगाने के लिए नहीं जा रहे हैं।दुकानें सडक़ पर लग रही है। लोग भी खरीदी करने के लिए सडक़ पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ी कर रहे हैं। खरीदी में व्यस्त रहते हैं। इस कारण दिन में कई बार बुधवारी और मुड़ापार मुय मार्ग पर जाम लग रही है। दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है।मुड़ापार पौनी पसारी के चबूतरा के पास प्रसाधन के लिए पानी की टंकी सहित सभी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, लेकिन प्रसाधन पर निर्माण कार्य के बाद से ताला लटका हुआ है। प्रसाधन का भवन शो-पीस बना हुआ है। लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।



सड़क किनारे धूप में लगी मटके की दुकान।



वीरान पड़ा शेड।

# जांजगीर लोकसभा के समय से मेरा कोरबा से रहा है नाता : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हमें बाहरी बताने वाली सरोज पाण्डेय पहले यह बताएं कि कोरबा से उनका क्या रिश्ता है? उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरबा लोकसभा पूर्व में अविभाजित जांजगीर लोकसभा का हिस्सा हुआ करता था और उससे पृथक होकर कोरबा लोकसभा तथा कांग्रेस की प्रदेश सरकार में सक्ती पृथक जिला का गठन हुआ है। अविभाजित जांजगीर लोकसभा के समय से मैं और मेरा पूरा परिवार क्षेत्रवासियों की सेवा करते आएं हैं और कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता का स्नेह व आशीर्वाद हमेशा से रहा है।



डॉ चरण दास महंत

उक्त बातें छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के द्वारा उन्हें सक्ती का निवासी और बाहरी बताने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा। डॉ. महंत ने कहा कि सरोज पाण्डेय अपना दुर्ग जिला छोडक़र कोरबा में चुनाव लडऩे आई हैं तो उन्हें यह पहले बताना चाहिए कि कोरबा से उनका रिश्ता क्या है? वे तो नजदीक की बात क्या करें, दूर-दूर तक उनका न तो कोरबा और न ही कोरबावासियों से कभी कोई नाता रहा है, वे यहां सिर्फ और सिर्फ चुनाव लडऩे के मकसद से आई हैं और वे जान रही हैं कि कोरबा में भी उनकी दाल नहीं गलने वाली, इसलिए जनता को अनर्गल बातों से गुमराह करने का काम कर रही हैं। डॉ. महंत ने कहा कि मेरी धर्मपत्नी ज्योत्सना महंत कुशल गृहणी होने के साथ-साथ कुशल राजनीतिज्ञ भी है और जनता के बीच शांत, सौम्य स्वभाव के लिए जानी जाती है। रही बात कोरबा जिले के विकास की तो हमने अपने कर्यकाल में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कोरबा के विकास के लिए कार्य किया है। जवाब तो सरोज पाण्डेय को देना चाहिए कि 15 साल तक भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में रही और अभी 10 साल से केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है तो अपने शासनकाल में इन्होंने कोरबा के विकास के लिए क्या किया? सरोज पाण्डेय भी स्वयं केन्द्र सरकार की ओर से कोरबा की पालक सांसद रहीं, लेकिन उन्होंने कोरबा के विकास के लिए क्या किया?

# सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने आधा दर्जन दुकानों में दी दबिश

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच शहर में सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने शहर के आधा दर्जन से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दबिश दी है। टीम की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। टीम की कार्रवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। बड़ी यह है कि टीम के अधिकारी फिलहाल कुछ कहने से बच रहे है। बता दें कि शुक्रवार को सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी है। टीम ने शहर के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित आशिक इलेक्ट्रॉनिक, मनोज रेडियो की दो दुकानें, डाक घर मार्ग स्थित विनोद हार्डवेयर, जयस्तंभ चौक स्थित मनोज रेडियो की तीसरी दुकान में दबिश दी है। टीम ने बेहद गोपनीय ढंग से अपनी जांच शुरू की और दिनभर कार्रवाई की लोगों को भनक तक नहीं लग पाई। देर शाम जीएसटी की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। टीम की कार्रवाई शुक्रवार को देर रात तक जारी रही जबकि शनिवार को भी टीम की जांच जारी रही। इस दौरान दुकान के खरीद, बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही सूत्रों के अनुसार शहर में कुछ अन्य संस्थानों में भी टीम ने दबिश दी है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं कार्रवाई को लेकर अधिकारी जानकारी देने से बचते रहे ऐसे में जांच में क्या मिला है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।




- लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच कार्रवाई से हड़कंप

# चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना, पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। शहर की गतिविधियों पर नजर रख रही है। इसके बाद भी चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। तीन दिन के भीतर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो स्थान पर चोरों ने धावा बोलकर नगदी और सामानों की चोरी की है।

रामसागरपारा में अनुराग ट्रेडर्स नाम की दुकान है। बुधवार की रात लगभग 8.30 बजे दुकान संचालक अनुराग गर्ग दुकान में ताला लगाकर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो शटर में लगा ताला टूटा हुआ था, एक शटर आधा खुला हुआ था। उन्होंने घटना की जानकारी परिवार को दी, पुलिस को भी अवगत कराया। दुकानदार ने बताया कि चोरों का गिरोह दुकान से लगभग चार हजार रुपए नगदी ले गया है। दुकान का आधा छज्जा भी टूटा हुआ मिला है। दुकान में तीन शटर है। दो शटर अंदर से बंद रहता है जबकि एक शटर में बाहर से ताला लगाकर दुकानदार घर गया था। दूसरी घटना 23 अप्रैल की है। लक्ष्मणबन तालाब के पास विनायक मार्केटिंग नाम की एक दुकान है। 23 और 24 अप्रैल की रात दुकान में धावा बोलकर लगभग पांच हजार रुपए नगद और प्रिंटर की स्याही की चोरी कर ली। इसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपए बताई जा रही है। पता चला है कि दीवार को तोडक़र चोरों का गिरोह दुकान के भीतर घुसा था। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। घटना ने दुकानदार की चिंता बढ़ा दी है।

## खबर संक्षेप

### टेप नल में लगा रहे टुल्लू पंप दूसरों को हो रही परेशानी

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के द्वारा घरों में पेयजल सुविधा हेतु नल कनेक्शन दिए गए हैं। जिसका लाभ इन दिनों निवासियों को नहीं मिल रहा है। पुरानी बस्ती से लेकर अन्य श्रमिक बाहुल्य बस्तियां में जहां नल कनेक्शन दिए गए हैं उनमें अधिकांश घरों में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कुछ लोग टेप नल में टुलु पंप लगा दिए हैं। जिसकी वजह से अधिकांश घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाता है। महज 5-10 मिनट ही पानी की सुविधा मिल पा रही है, जबकि पानी का बिल प्रतिमाह चुकाया जा रहा है, उसके बावजूद सही रूप से पेयजल मिल सके, इस ओर नगर प्रशासन गंभीर नहीं है। जबकि स्थानीय लोगों ने पार्षद को ही इस बात की जानकारी दे चुके हैं। तेज गर्मी को एक माह का समय बीत चुका है, किंतु टुल्लू पंप जब्त करने की कार्यवाही अब तक शुरू नहीं हो सकी है।

### पूनम को राजनीति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा पूनम ज्ञानचंदानी को राजनीति विज्ञान विषय में (प्रथम पीएचडी अवार्ड) डॉक्टर ऑफ फिलासफी 22 अप्रैल को अवार्ड दिया गया। पूनम की उपलब्धि से कोरबा जिला व शहर गौरवान्वित हुआ है। सिंधी समाज भी इस उपलब्धि से गौरवान्वित है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूनम को उनके घर पर मुंह मीठा कराया। इस दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद व पार्षद संतोष राठौर ने भी बधाई दी। कोरबा शहर के रामसागरपारा दर्री रोड निवासी पूनम ज्ञानचंदानी ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से शोध निर्देशक डॉ. एसएल निराला के निर्देशन में (राजनीतिक जागरूकता में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका : एक अध्ययन (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इस शोध कार्य को पूर्ण करने में उनकी माता ज्योति ज्ञान चंदानी प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहीं। चार बहनों में सबसे छोटी पूनम मेहंदी आर्टिस्ट है और 15 साल से इस कला को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपना अध्ययन व शोध कार्य भी जारी रखा। गृहणी होने के बावजूद मां ज्योति ज्ञानचंदानी ने बेटी का हमेशा हौसला बढ़ाया। पूनम का कहना है कि लोग राजनीति और खासकर मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं रहते, उनका प्रयास रहेगा कि अपने शोध के दौरान प्राप्त अनुभवों और इस विषय को लेकर जनता में जागरूकता लाने का काम करेंगी।

### मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे शारदा विहार निवासी

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12 में शामिल न्यू शारदा विहार इलाके में मूलभूत सुविधाओं की प्रतिक्षा नागरिक कर रहे हैं। अरसे से यहां समस्या बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही हासिल हो सके हैं। न्यू शारदा विहार के बड़े हिस्से में सबसे बड़ी समस्या कच्ची नालियों की वजह से है। आसापास के आवासीय क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है। जहां-तहां जल जमाव के हालात बने हुए हैं। ऐसे में आवाजाही करना मुश्किल हो रहा है। लोगों को सुविधा लेने के लिए काफी लंबे चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान इस प्रकार की समस्या लोगों ने बतायी थी। निगम की जानकारी में यह मामला आने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इस क्षेत्र में अभी भी आंतरिक मार्गों को पक्का करने का काम पूरी तरह से नहीं हो सका है। ऐसे में भी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि न्यू रेलवे कालोनी के लिए सीधी कनेक्टिविटी जरूर कर दी गई है लेकिन आगे जाने के लिए बाधाएं हैं। लोगों का कहना है कि हर क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन उनके मामले में अभी भी कई प्रकार की दिक्कतें बनी हुई है। इस तरफ ठोस प्रयास करने की जरूरत है।

### रेलवे स्टेशन में यात्रियों को एटीएम की सुविधा नहीं

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र में यात्रियों के लिए लगाए गए एटीएम बंद हो जाने के कारण आम यात्रियों को इसकी सुविधा नहीं मिल पा रही है, जबकि सैकड़ों लोग कोरबा से यात्री ट्रेन में सफर करते हैं। यूनियन बैंक द्वारा लगाया गया एटीएम बंद होने के बाद से शुरू नहीं किया जा सका है। एटीएम शुरू करने को लेकर रेलवे प्रबंधन भी कुछ भी कहने से इंकार कर रहा है। एक तरफ अमृत भारत मिशन योजनांर्गत रेलवे स्टेशन को शामिल करते हुए वहां अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एटीएम जैसी सुविधा यात्रियों को नहीं मिल पा रही है।

## जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का किया गया आयोजन

# नागरिकों के साथ बाइक चलाकर कलेक्टर एसपी ने मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने कोरबा शहर के प्रमुख मार्गों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आदि की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कलेक्टर, एसपी सहित शहर के युवाओं तथा आम मतदाताओं एवं अधिकारियों -कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बाइक रैली में मतदाताओं को मतदान दिवस 7 मई को मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की गई।

**खास बात**

- हेलमेट पहनकर सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने दिया संदेश

जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर कलेक्टोरेट परिसर से किया गया। इस दौरान प्रमुख मार्गों पर बाइक चलाते हुए मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हमारा एक-एक वोट महत्व रखता है। समय पर मतदान करके हम सभी मतदाता अपने पसंद का उम्मीद्वार चुन सकते हैं। हम सभी मतदान में जितना अधिक भाग लेंगे, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की जानकारी के लिए लगातार अनेक सुविधाएं दी जा रही है। हम अपने उम्मीदवार के विषय में भली-भांति जान सकते हैं। कलेक्टर ने बाइक रैली का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक बनाना और उन्हे मतदान के लिए प्रेरित करना बताया है। उन्होंने अपील की है कि 7 मई को सभी मतदाता अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करें। इस दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत परिचय पत्र अवश्य रखें। बाइक रैली का आयोजन कलेक्टारेट परिसर से प्रारंभ होकर तानसेन चौक (आईटीआई) चौक होते हुए बुधवारी बाजार चौक, सीएसईबी चौक, टीपी नगर चौक, सतनाम गुरूघासीदास चौक, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, घंटाघर चौक (मिनीमाता कालेज), कोसाबाड़ी चौक, एनसीसी कैम्प (पुराना आरटीओ आफिस), तहसील आफिस, एसपी आफिस होते हुए कलेक्टोरेट परिसर पर समाप्त हुई।



बाइक रैली के दौरान कलेक्टर एवं एसपी।

### पीला चावल देकर की गई अपील



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नवाचार भी अपनाए जा रहे हैं। शनिवार को ग्राम पंचायत बुंदेली में बैंड के साथ स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स का दल निकला और घर- घर दस्तक देते हुए पीला चावल देकर 7 मई को मतदान के लिए बूथ तक पहुंचने अपील की गई। मतदाता जागरूकता का यह अभियान शासकीय हाईस्कूल, बुंदेली से शुरू हुआ। प्राचार्य अनिता ओहरी ने दल को रवानगी दी। प्राचार्य के अलावा सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) एवं विद्यालय की गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य, जिला संगठन आयुक्त द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, जिला युवा समिति के अध्यक्ष पप्पू चन्द्रा, स्काउट्स, गाइडस विद्या साहू, नेहा साहू, ईशा खूंटे, कुनाल दिवाकर आदि सम्मिलित थे। दल ने बैंड बाजे के बीच गांव के घरों के साथ ही दुकानों में दस्तक दी और पीला चावल प्रदान करते हुए 7 मई को मतदान करने बूथ में पहुंचने का आमंत्रण दिया। गौरतलब है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा जिलेभर में अलग- अलग माध्यम से मतदाता जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स लगे हुए हैं।

### डाककर्मियों ने दिया प्रेरक संदेश




अंचल में मतदान के लिये प्रेरित करने प्रेरक संदेश देने प्रधान डाकघर कोरबा की जागृत टीम ने मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन कर मतदान के प्रति आम लोगों में जन-जागरुकता का प्रयास किया। स्वस्फूर्त और शत-प्रतिशत मतदान का संदेश प्रसारित करते हुए शहर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। प्रधान डाकघर कोरबा की ओर से प्रत्येक शनिवार को मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में प्रधान डाकघर की पूरी टीम ने सुबह 9 बजे नेताजी सुभाष चौक निहारिका से कोसाबाड़ी चौक के बीच रैली आयोजित की गई। मतदान न केवल एक अधिकार है, बल्कि देश के जिम्मेदार नागरिकों के लिए कर्तव्य और एक अनिवार्य जिम्मेदारी भी है, जिसका पालन सुनिश्चित करना सबके लिए जरुरी है। यही जरुरत समझते हुए शनिवार को प्रधान डाकघर कोरबा की टीम ने मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया। डाक विभाग की टीम ने लोगों को मतदान करने के लिए जागृत किया गया।

### मतदान करने लिया गया संकल्प



जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस, वन तथा व नगर पालिक निगम के कर्मचारी तथा आम नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर ने सभी को भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। बाइक रैली में जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी संदीप मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, सहित अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव



घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एमपी नगर वार्ड के अंतर्गत संचालित एक चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में बच्चों को छोड़ रात को लापता हुई महिला की मौत हो गई। उसका शव निहारिका टॉकीज के नजदीक एक टपरे नुमा स्थान पर फंदे पर लटका मिला। मृतका प्रियंका बिंझवार भैंसामुड़ा की निवासी की संदिग्ध मौत पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है और आगे की जांच कर रही है। उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसामुड़ा निवासी एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका का शव निहारिका टॉकिज के बगल में टपरीनुमा होटल में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला है। मृतका प्रियंका बिंझवार कोरबा के डॉ हरीश नायक के अस्पताल में अपने बच्चों का उपचार 3 दिन से करवा रही थी। बताया जा रहा है कि उसके नवजात शिशु की सेहत खराब थी। पिछली रात को अपने बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह अचानक गायब हो गई। प्रियंका के पति अनूप सिंह ने बताया कि हमने उसे पहले अस्पताल में खोजा और फिर आसपास में तलाश की। कई घंटे की तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तब उन लोगों ने आसपास के इलाके में खोजबीन शुरु की। जिसके बाद सुबह उसकी लाश एक टपरे में फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाई गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतका के पति अनूप सिंह का कहना है कि बच्चे की बीमारी को लेकर हम लोग परेशान थे और उसका उपचार कराया जा रहा था पत्नी के साथ किसी प्रकार का विवाद नहीं था। इसकी जानकारी घर और आसपास के लोगों को भली भांति है। इस प्रकार की परिस्थितियों होने पर भी प्रियंका ने खुदकुशी जैसा कदम क्यों उठाया यह उसकी समझ से परे हैं। यह मामला चुकी नव विवाहिता की मौत से जुड़ा हुआ है, इसलिए पुलिस ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा कराया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पार्षद संतोष व एक अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज



घटनास्थल पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पशु क्रूरता करने व जान की धमकी देने के आरोप में एक पार्षद व उसके पिता पर जुर्म दर्ज कर लिया गया है। 23 अप्रेल को दोपहर करीब 1 बजे कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम बिंझपुर में नदी के किनारे दुकालु राम केंवट एवं उसके पुत्र संतोष कुमार केंवट द्वारा लगभग 150 गौवंश जिसमें अधिकतर नंदी थे, उन्हें क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते भूखा-प्यासा तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। गौ सेवकों के द्वारा पूछने पर उनके द्वारा कहा गया कि हमारा है हम कुछ भी करें मारें-पीटें हमारा अधिकार है। हमसे बहस करोगे तो तुम्हें भी जान से मार देंगे। जानकारी के अनुसार दुकालू केंवट के पास मवेशी व्यापार का लाईसेंस है। दुकालू केंवट व पुत्र संतोष केंवट जो कि पेशे से जनप्रतिनिधी वार्ड क्र.-5 छुरी नगर पंचायत का पार्षद है व जिसके द्वारा गौवंश पर क्रूरता किया गया है के विरुद्ध रिपोर्टकर्ता मेघा चौहान निवासी ढोढ़ीपारा के रिपोर्ट पर दुकालू राम केंवट, संतोष केंवट के विरुद्ध धमकाने पर धारा 34, 506 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कटघोरा पुलिस विवेचना कर रही है। बताया जाता है कि पूर्व में भी दे दोनों लपेटे में आ चुके हैं लेकिन मामला रफा-दफा करा लेते थे लेकिन इस बार बात नहीं बन सकी।

# कोरबी धतूरा में प्याऊ घर का किया गया शुभारंभ




प्याऊ का शुभारंभ करते स्काउट गाइड्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय, जिला संघ कोरबा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जिला समन्वयक डॉ. वाईके तिवारी के निर्देशानुसार शासकीस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में शनिवार को स्काउट गाइड दल, एनएसएस के स्वयं सेवकों एवं समाजसेवी चंद्रपाल सिंह तंवर के सहयोग से प्याऊ घर का निर्माण किया गया। प्याऊ घर का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य बीएस पैकरा, शाला प्रबंधन समिति सदस्य शिव राठौर, सरजू निषाद आदि शामिल रहे। राहगीरों एवं उपस्थित ग्रामीणों को विद्यालय परिवार के द्वारा शीतल शर्बत एवं जल पिलाया गया। उपस्थिति सदस्यों ने प्याऊ घर के शुभारंभ एवं मानव सेवा के सामाजिक पुनीत कार्य के लिए शाला परिवार को शुभकामनाएं देकर प्रशंसा की। प्याऊ घर का निर्माण स्काउट गाइड प्रभारी दिनेश कुमार पात्रे एवं एनएस एस कार्यक्रम अधिकारी राजू प्रसाद सारथी के मार्गदर्शन के किया गया। प्याऊ घर का नियमित संचालन स्काउट्स एवं स्वयं सेवकों के द्वारा किया जाएगा। इस प्याऊ घर शुभारंभ कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से व्याख्याता डीके लहरे, श्रीमती के मिंज, एसके राठौर, एमके लहिमोर, एसएस राठौर, श्रीमती रश्मि तिवारी, श्रीमती राधिका सोनी, शिव चंद पंकज, विजय जांगड़े, श्रीमती दीप्ति सोनी, रविकांत, अशोक जायसवाल, स्टाफ बोट सिंह, सदानंद स्काउट्स आर्यन, नीरज, कु.अश्वनी, आयुषी, सिलोचनी, लक्ष्मीन, दीप्ति, ममता, पायल आदि उपस्थित थे।

# साइकल रैली, नववधु सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन को सुगम एवं सहभागी बनाने के उद्देश्य से एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधु सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम, कॉलेज स्कूली बच्चों का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, एनसीसी/एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली तथा मतदाता जागरूकता पर संदेश और फ्लैशमॉब कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रैल को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वसंत ने मतदाता जागरूकता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

28 अप्रैल को साइकल रैली का आयोजन शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट गेट से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड तक की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी-अपनी साइकल लाना होगा। दिव्यांग रैली का आयोजन शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। रैली सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड से सीएसईबी चौक होकर वापस ग्राउण्ड तक पहुंचेगी। नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम सुबह 5.35 बजे से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित होगी। इसके तहत प्रतिभागी मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में शाम 5.40 बजे से कॉलेज स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला एवं साप्ताहिक गतिविधियों के प्रत्येक विभागों के प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा शाम 5.50 बजे नुक्कड़ नाटक एवं रैली मतदाता जागरूकता का संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया है और शाम 6 बजे टीपी नगर स्थित पॉम मॉल में फ्लैशमॉब कार्यक्रम के तहत कॉलेज के बच्चों द्वारा डांस का आयोजन किया जाएगा।

**खास बात**

- पाममाल में फ्लैशमॉब और डांस की होगी प्रस्तुति

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर पर लगा ब्रेक

**कोरबा।** प्रति वर्ष खेल युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर पर इस वर्ष चुनावी दौर होने के कारण ब्रेक लग गया है। प्रति वर्ष मई माह में प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाती थी। शिविर में टीम गेम के साथ साथ एथलेटिक्स के गेम का प्रशिक्षण दिया जाता था। शिविर का आयोजन सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड, बालको अंबेडकर स्टेडियम, एसईसीएल खेल मैदान में किया जाता है, किंतु इस वर्ष लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें खेल युवक कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। जिनके द्वारा हमेशा प्रशिक्षण शिविर में आयोजन कराया जाता है। इस वर्ष विभागीय अधिकारी व कर्मचारी चुनाव में लगे होने के कारण शिविर के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

## ना ली कोई छुट्टी और ना लिया कोई साप्ताहिक अवकाश

# नि:स्वार्थ भाव से सेवा है डाक्टर्स का धर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रोग से पीड़ितों की सेवा डाक्टरों का धर्म माना जाता है लेकिन बदलते परिवेश में यह पैसा कमाने का पेशा बन गया है। महंगाई के इस दौर में आम आदमी को निजी अस्पतालों में इलाज कराना वैसे ही भारी पड़ता है। ऐसे में सरकारी अस्पताल उनका सहारा बनता है। जहां ऐसे भी डाक्टर होते है जो अपने कर्तव्यनिष्ठा के साथ मरीजो का इलाज करते हुए मानवता का धर्म निभा रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा के बीएमओ डा. रुद्र प्रताप सिंह कंवर हर दिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चिकित्सालय में पहुंचने वाले मरीजों का उपचार व परामर्श देते है। इन्होंने मरीजो की सेवा से अबतक न तो कोई छुट्टी ली और न ही साप्ताहिक अवकाश पर गए। डरे-सहमे आने वाले मरीजो का डा. कंवर आत्मविश्वास बढ़ाते हुए ईलाज करते है और उन्हें अपना फोन नम्बर भी देते है ताकि उनके उपचार संबंधी हरसंभव मदद कर सके। तमाम चुनौतियों के बाद लगातार अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद डा. कंवर का कहना है कि परिवार से जुड़ी अपनी जवाबदेही के बीच मैंने मरीजो को भी महत्त्व दिया तथा घरवालों ने भी मुझे मरीजों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। जब मरीज उनके स्वास्थ्य केंद्र से डिस्चार्ज होकर खुशी खुशी घर लौटते है तब वो पल मेरे लिए अनमोल होता है। इलाज में जुटे डाक्टर, नर्सों व कर्मियों हम सबकी मेहनत से स्वस्थ हुआ मरीज उनकी टीम को महत्त्वपूर्ण होने का गौरवपूर्ण अहसास कराता है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में होने के कारण उनके सामने कई बार विपरीत परिस्थितियां आ जाती है। कभी मरीजों के परिजनों का गुस्सा तो कभी संसाधनों का अभाव लेकिन उससे वे विचलित नहीं होते बल्कि उनका एक ही ध्येय होता है कि उनके उपचार से मरीज ठीक हो और मरीज का भरोसा उन पर कायम रहे। इसी सोच के साथ बीएमओ डा. कंवर निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा को ही चिकित्सक धर्म मानकर चल रहे है।



डॉ कंवर

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल
नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा
छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024,
26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411